लोक सभा

अतारांकित प्रश्न सं.: 1420
उत्तर देने की तारीखः 07.12.2021

डॉ. अम्बेडकर इंटरेस्ट सब्सिडी ऑन एजुकेशन लोन

1420. श्रीमती पूनम महाजन:
श्री जी.एम. सिद्देश्वर

क्या सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) अन्य पिछड़ा वर्गों (ओबीसी) और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों (ईबीसी) के लिए समुद्रपारीय अध्ययन के लिए डॉ. अंबेडकर इंटरेस्ट सब्सिडी ऑन एजुकेशन लोन के लक्ष्य और उद्देश्य क्या हैं;
(ख) क्या इस उद्देश्य के लिए की गई बड़ी धनराशि के आबंटन में से बहुत कम राशि जारी की गई है;
(ग) यदि हां, तो गत तीन वर्षों के दौरान, विशेष रूप से महाराष्ट्र राज्य के लिए किए गए आबंटन और जारी की गई निधि का ब्यौरा क्या है;
(घ) आबंटन बहुत अधिक होने पर इतनी कम राशि जारी करने का क्या कारण है; और
(ड.) इससे कितने उम्मीदवार लाभान्वित हुए हैं और आवेदनों को अस्वीकार करने के, यदि कोई हैं, कारण क्या हैं तथा उनका राज्य-वार ब्यौरा क्या है?

उत्तर
सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री
(सुश्री प्रतिमा भौमिक)

(क): इस स्कीम का उद्देश्य अन्य पिछडे वर्गों तथा आर्थिक रूप से पिछड़े वर्गों के छात्रों को विदेश में शिक्षा दिलाने तथा उत्कृष्ट व गुणवत्तापरक शिक्षा तक पहुंच उपलब्ध कराना है।

(ख) से (घ) : जी, नहीं। गत 3 वर्षों के दौरान आवंटित तथा जारी की गई निधियों का ब्यौरा निम्नवत है:-

(रुपए करोड़ में)

वर्ष	बीई	आरई	वास्तविक जारी निधि
2018-19	1000	1000	1000
2019-20	1500	2609	2609
2020-21	3500	3500	3261

जहां तक महाराष्ट्र राज्य का सवाल है, गत 3 वर्षों के दौरान 4,78,39,870/- रुपए की सब्सिडी राशि जारी गई है। ब्यौरे **अनुबंध-I** में दिए गए हैं।

(ड.) : इस स्कीम के अंतर्गत गत 3 वर्षों के दौरान कुल 10,803 छात्र लाभांवित हुए हैं। पात्र छात्रों से प्राप्त सभी आवेदनों पर इस स्कीम के दिशानिर्देशों के अनुसार, विचार किया गया है।

अनुबंध-I

गत 3 वर्षों के दौरान, विशेषकर **महाराष्ट्र** राज्य के लिए, जारी की गई निधियां

वित्तीय वर्ष	**ओबीसी**		**ईबीसी**		**कुल**	
	दावों की सं.	राशि	दावों की सं.	राशि	दावों की सं.	राशि
2018-19	260	8915617	97	2386581	357	113022198
2019-20	407	12450375	135	3525730	542	15976105
2020-21	476	16548167	182	4013400	658	20561567
कुल	1143	37914159	414	9925711	1557	47839870

*****